# सभी दोपहिया ईवी के लिए होगा अब एक ही चार्जर

नई दिल्ली। आने वाले समय में दोपहिया ईवी के लिए एक ही चार्जर का उपयोग किया जा सकता है। ईवी कंपनियां मिलकर काम कर रही हैं। इस पर एक समिति बनाई जाएगी। इसके बाद इस पर अंतिम फैसला होगा। जिस तरह अभी कुछ मोबाइल फोन के लिए एक ही चार्जर काम कर रहा है, उसी तरह से इस व्यवस्था को लाया जाएगा।

अभी तक दोपहिया ईवी को चार्ज करने के लिए कंपनियों का अलग-अलग चार्जर होता है। इससे ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। एथर एनर्जी के मुख्य




बिजनेस अधिकारी रवनीत फोकेला कहते हैं कि जब एक चार्जर हो जाएगा तो ग्राहक कहीं भी किसी भी कंपनी के चार्जर से वाहन को चार्ज कर सकते हैं। इससे ई-कचरे को कम करने में मदद मिलेगी। साथ ही इससे ग्राहकों के पैसों की भी बचत होगी। ब्यूरो

### अप्रैल-अक्तूबर में बिके 4.72 लाख से ज्यादा वाहन

फोकेला ने कहा, अप्रैल से अक्तूबर तक 4.72 लाख ईवी बिके हैं। कंपनियां अब तमाम नए फीचर्स ला रही हैं। इससे महंगे वाले मॉडल की ज्यादा मांग है। कुल बिक्री में 70 फीसदी हिस्सा महंगे स्कूटरों का है। ईवी उद्योग में शीर्ष चार कंपनियों बजाज, ओला, एथर और टीवीएस के पास 80 फीसदी बाजार हिस्सेदारी है।